प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती 2024 का अंतिम परिणाम अब से कुछ ही देर पहले जारी कर दिया गया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि एक हजार 96 पदों के लिए हुई इस परीक्षा के साक्षात्कार दिसम्बर 2025 से शुरू हुए थे जो कल सम्पन्न हुए। उन्होंने बताया कि इनमें राज्य सेवा के 428 और अधीनस्थ सेवा के 6 सौ 68 पद होंगे। परीक्षा में बाडमेर के दिनेश विश्नोई मेरिट सूची में पहले स्थान पर रहे है।

0000

राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित की जा रही है। परीक्षा का आयोजन एक पारी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हो रहा है। ग्यारह सौ पदों के लिए हो रही इस परीक्षा के लिए सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए।

0000

हज यात्रा 2026 के लिए पहला जत्था आज नई दिल्ली से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। इसमें 371 जायरीन हज के मुकद्दस सफर पर रवाना हुए है। गौरतलब है कि हज के लिये सभी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है और सरकार हज यात्रा को सुगम, सुखद और आसान बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इधर राजस्थान से हज की उडाने 20 अप्रैल से शुरू होंगी। इनमें साढे चार हजार से अधिक जायरीन सऊदी अरब के लिए उडान भरेंगे।

0000

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। ये दिन विश्व धरोहर स्थलों और उनकी सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। साथ ही यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने नागरिकों से ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा के दौरान उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शेखावत ने कहा कि मंदिरों की दीवारें, प्राचीन किलों की नक्काशी और पीढ़ियों से चले आ रहे लोकगीत ही नागरिकों की सच्ची पहचान हैं। विश्व विरासत दिवस के मौके पर प्रदेश के प्राचीन स्मारको और राजकीय संग्रहालयों में निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं राजधानी जयपुर और भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों पर हैरिटेज वॉक भी हुई।

0000

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में 14 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिक्षण संस्थानों में भी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के खतरों के बारे में सचेत किया जा रहा है। इसी कडी में हनुमानगढ़ सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में प्रार्थना सभाओं के माध्यम से अभिभावकों और छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सुरक्षित है और सभी पात्र बालिकाएं इसे जरूर लगवायें।

0000

राज्य में मौसम के उतार चढाव के बीच गर्मी के एक बार फिर जोर पकडने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी और तेज हो जायेगी। इस बीच सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में कुछ स्थानों पर मौसम अचानक बदला और गरज के साथ आंधी बारिश की गतिविधियां हुई। सीकर चूरू, और श्रीगंगानगर में हल्की बरसात का दौर चला। वहीं हनुमानगढ जिले के नोहर में ओले भी गिरे। वहीं चूरू में प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर जयपुर,

भरतपुर, दौसा और टोंक सहित कई जिलों में बादल छाये रहे किन्तु तेज धूप से कोई खास राहत नहीं मिली।

0000

प्रदेश में अगले कुछ दिनों में लू और तापघात की आशंका को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में बचाव और उपचार के लिए समुचित प्रबंध किये जा रहे है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने कल स्वास्थ्य भवन में वीसी के माध्यम से हीटवेव प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को चिकित्सा संस्थानों में हीट स्ट्रॉक ट्रीटमेन्ट कॉर्नर स्थापित करने के निर्देश दिए।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000